कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.01.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

जैविक विविधता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है :- डॉ. लता मेश्राम

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया।

प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लता मेश्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस के अंतर्गत भूमि संरक्षण, सूखा, पानी एवं साफ-सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य तथा जलवायु में परिवर्तन, खाद्य पदार्थों की सुरक्षा आदि के सतत् विकास में जैव विविधता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिये सक्रिय मूल्य की वैश्विक संपत्ति है। मानवीय गतिविधियों के कारण प्रजातियों की संख्या में कमी आ रही है। इसलिये लोगों में जागरूकता लाने के लिये इस दिवस को मनाया जाता है।

इस अवसर पर विभाग के द्वारा पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन की किया गया था। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. धनेश्वरी मंडावी एवं कु. साक्षी बंजारे द्वितीय स्थान पर कु. दिव्या निर्मलकर एवं कु. रिया साहू तथा तृतीय स्थान पर कु. नितिक्षा गवनी एवं कु. रेणुका यादव रही। सांत्वना पुरूस्कार कु. निशा साहू रहीं।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. जान्हवी चन्द्राकर द्वितीय स्थान पर कु. रेणुका यादव एवं तृतीय स्थान पर कु. प्रिया राउत रहीं। सांत्वना पुरस्कार कु. प्रिया देवांगन एवं कु. हिना पारकर को प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने विजयी छात्राओं को शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर प्राध्यापक एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)